**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 23.09.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **आयुर्वेद दिवस पर रायपुर में आयोजित रक्तदान महाकुंभ में एक हजार से अधिक महिलाओं ने किया रक्तदान–मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुर्वेद भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है।**
- **भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को छत्तीसगढ़ का प्रदेश प्रभारी बनाया।**
- **छत्तीसगढ़ के रामनामी समुदाय पर आधारित फिल्म ''राम–नामी को सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला।**
- **मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में भारी से अतिभारी बारिश की चेतावनी दी है।**

**रक्तदान महाकुंभ**

आयुष मंत्रालय आज देषभर मे ग्यारहवां आयुर्वेद दिवस मना रहा है। इस अवसर पर रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयुर्वेद सेवा सम्मेलन, रक्तदान महाकुंभ और वृहद स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आयुर्वेद भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है और राज्य सरकार आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा को भी बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि पहली बार एक हजार से अधिक महिलाओं ने रक्तदान की पहल की है।

कार्यक्रम को स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जासवाल ने भी संबोधित किया।

**आयुष्मान भारत**

आयुष्मान भारत योजना के आज आठ साल पूरा होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इससे देष के साठ करोड़ लोगों को पांच लाख रुपए तक की हेल्थ कवरेज मिली है, जो कि इसे दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थकेयर स्कीम बनाती हैं। आयुष्मान भारत के सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए श्री मोदी ने सोषल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि आठ साल पहले, आयुष्मान भारत की शुरुआत इस सोच के साथ की गई थी कि हर भारतीय को बेहतरीन और किफायती हेल्थकेयर मिल सके।

**भाजपा प्रदेश प्रभारी**

भारतीय जनता पार्टी ने देशभर के सभी राज्यों में संगठनात्मक जिम्मेदारियों के लिए प्रभारियों और सह–प्रभारियों की नियुक्ति की है। पार्टी द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को छत्तीसगढ़ का प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। वहीं, सिद्धार्थ शंभु को सह–प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया है। इसी तरह, पत्थलगांव विधायक तथा रायगढ़ की पूर्व सांसद गोमती साय को गुजरात भाजपा का सह–प्रभारी और छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष, तथा पूर्व विधायक सौरभ सिंह को झारखंड में भाजपा का सह–प्रभारी नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्मृति ईरानी को छत्तीसगढ़ की प्रदेश प्रभारी और सिद्धार्थ शम्भू को छत्तीसगढ़ का सह–प्रभारी नियुक्त किए जाने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमती ईरानी का दीर्घकालिक राष्ट्रीय अनुभव, राष्ट्रसेवा और संगठन के प्रति समर्पण छत्तीसगढ़ में संगठनात्मक कार्यों और जनसेवा के संकल्प को और सशक्त बनाएगा।

**राम नामी–सम्मान**

बहत्तरहवें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ के रामनामी समुदाय की आस्था, परंपरा और विरासत पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'राम–नामी' को सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने यह सम्मान कल गुजरात में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया।इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खुषी जताते हुए सोषल मीडिया पोस्ट में लिखा कि राम के नाम को समर्पित इस समुदाय की जीवनषैली और सांस्कृतिक परंपराओं को डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'राम–नामी' के माध्यम से देष–दुनिया के सामने प्रस्तुत किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मान प्रदेष की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए भी प्रेरणादायी है।

**मॉडिफाइड उड़ान योजना**

मॉडिफाइड उड़ान योजना के नए चरण के लिए भारत सरकार और छत्तीसगढ़ शासन के बीच समझौता हुआ है। नई दिल्ली में हुए समझौते पर छत्तीसगढ़ शासन की ओर से विमानन सचिव मुकेष बंसल ने हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसे प्रदेष में बेहतर हवाई संपर्क की दिषा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इससे छोटे शहरों और दूरस्थ क्षेत्रों में हवाई तथा हेली–कनेक्टिविटी के विस्तार की संभावनाएं बढ़ेंगी। इससे पर्यटन, व्यापार, निवेष और रोजगार को भी गति मिलने की उम्मीद है।

**सेवा संकल्प अभियान**

सेवा संकल्प और स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज दुर्ग जिले के भिलाई में स्वच्छता रैली और विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। नगर निगम भिलाई के विभिन्न जोन क्षेत्रों में निकाली गई रैली के माध्यम से नागरिकों को घर, मोहल्ले और आसपास में स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों, तालाबों और आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई की गई। वहीं, दुर्ग में आज से आठ अक्टूबर तक सेवा मेरा योगदान उत्सव आयोजित किया जा रहा है। नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा आयोजित इस उत्सव में सेवा, स्वच्छता, जनभागीदारी और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम होंगे। उत्सव के तहत आज से पच्चीस सितंबर और दो से आठ अक्टूबर तक शहर के विभिन्न वार्डों, बाजारों, प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

**सेवा संकल्प अभियान–कैप्सूल–01**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सार्वजनिक जीवन में पच्चीस वर्ष पूरे कर रहे हैं। उनकी यह यात्रा 'जन सेवा से देश सेवा' के मंत्र और निरंतर समर्पण से परिभाषित रही है, जो आज भी जारी है। सेवा और सुशासन की इसी सोच से प्रेरित होकर सरकार वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। आज की इस विशेष श्रृंखला 'सेवा संकल्प अभियान' में हम आपको वोकल्‌ फॉर लोकल योजना के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

**छत्तीसगढ़ में स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक हुनर को रोजगार से जोड़ने की दिशा में लगातार काम हो रहा है। गांवों में तैयार होने वाले उत्पादों को बाजार मिले और लोगों को अपने ही क्षेत्र में काम के अवसर मिलें, इसके लिए कई पहल की जा रही हैं। राज्य सरकार के अनुसार, प्रदेश में करीब 3 लाख 15 हजार हितग्राही ग्रामोद्योग से जुड़े विभिन्न कुटीर उद्योगों के जरिए रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। इनमें खादी, हथकरघा, रेशम, हस्तशिल्प और माटीकला जैसे पारंपरिक काम शामिल हैं।**

**वोकल फॉर लोकल का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है, जशपुर का जशप्योर ब्रांड। यहां स्व–सहायता समूहों की महिलाएं महुआ, कोदो–कुटकी, रागी और अन्य स्थानीय उत्पादों से लड्डू, पास्ता, चाय और दूसरे खाद्य उत्पाद तैयार कर रही हैं।**

**विशेष कार्यक्रम**

आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रसारित की जा रही है। इसी कड़ी में आज शाम सात बजे **वोकल फॉर लोकल** पर छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडेय से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे।

**मौसम**

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में भारी से अतिभारी बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने सुकमा के लिए भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, गरियाबंद और धमतरी के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने बताया कि पष्चिम–मध्य और उत्तर–पष्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना अवदाब चक्रवात में परिवर्तित होकर आज रात विशाखापट्टनम और ओडिशा के गोपालपुर तट से टकराएगा।

अवदाब के आगे बढ़ने पर मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों रायपुर, बिलासपुर में भी भारी वर्षा होने के आसार है। इसके साथ ही तेज हवा चलने और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है।

**<u>ओपन–जेल</u>**

दुर्ग स्थित केंद्रीय जेल में खुली जेल यानी ओपन करेक्शनल इंस्टीट्यूशन–ओ.सी.आई. शुरू की गई है। इसका शुभारंभ कल जेल महानिदेशक हिमांशु गुप्ता ने किया। इस खुली जेल में तीस बंदियों को रखा जाएगा। ये बंदी दिन में विभिन्न कार्यों के लिए जेल परिसर से बाहर जा सकेंगे और शाम को लॉकअप से पहले वापस जेल लौटेंगे।

**<u>रोजगार मेला</u>**

प्रदेश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सात और आठ अक्टूबर को रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय इस मेले में तकनीकी और गैर–तकनीकी क्षेत्रों में आठ हजार से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक युवा ई–रोजगार पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध रिक्तियों की जानकारी प्राप्त करने के साथ ही रोजगार मेले के लिए पंजीयन करा सकते हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>